खेती-किसानी • खूंटी में सैकड़ों एकड़ में लगे तरबूज बाजार के लिए तैयार, जिला कृषि पदाधिकारी ने लिया जायजा, बोले

किसानों को तरबूज बेचने में नहीं होने देंगे परेशानी

भास्कर न्यूज़ | खूंटी

खूंटी जिले में अब तरबूज की फसल तैयार होनी शुरू हो गई। तरबूज को ज्यादातर थोक खरीदार खेतों में आकर खरीदारी करते है और खूंटी जिला के बाहर ले जाते हैं। प्रदान संस्था द्वारा कराई जा रही तरबूज की खेती को देखने और किसानों के लिए बाजार की व्यवस्था करने के उद्देश्य से जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, आत्मा के उप निदेशक अमरेश कुमार एवं डीआरडीए के मनीष कुमार तोरपा ब्लॉक के गुड़गुड़ चुआं, सुंदारी, फटका आदि गांव का दौरा किया और तरबूज की खेती को घूम-घूम कर देखा साथ ही किसानों को जरुरी सलाह दी। उन्होंने किसानों से मुलाकात के दौरान तरबूज बेचने में सहायता करने का आश्वासन दिया और कहा की किसानों को अपना सामान उचित दाम में बेचने में कोई परेशानी नहीं होगी। इसके लिए कृषि विभाग आप के साथ है।

उन्होंने किसानों को कहा कृषि कार्य के लिए अगर आप को किसी भी तरह की परेशानी है तो आप लोग तुरंत कृषि विभाग से संपर्क कर सकते हैं। किसानों को अपना सामान लाने ले जाने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने प्रदान संस्था के द्वारा इतने बड़े क्षेत्र में कराए जा रहे तरबूज की खेती की सराहना की और कहा की किसानों को हर संभव मदद की जाएगी। परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

तरबूज की खेती का निरीक्षण करते कृषि विभाग के अधिकारी।

सोशल डिस्टेंसिंग में खेती करने पर नहीं है कोई रोक

जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा लॉक डाउन में सामाजिक दूरी बनाते हुए कृषि के कार्यों को करने में कोई रोक नहीं है। किसान अपने खेतों में काम कर सकते हैं। डीआरडीए के मनीष कुमार ने सामाजिक दूरी बनाते हुए कृषि के साथ मनरेगा के कार्यों को कैसे किया जा सकता है इसके लिए ग्रामीणों से बात की। मौके पर प्रदान के विजय कुमार वीरू आदि मौजूद थे।